प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 15.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति की अगवानी की। श्री धनखड़ बिड़ला सभागार में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल हो रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्घाटन किया। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ–आईटीयू की ओर से ये आयोजन भारत मण्डपम में किया जा रहा है। सम्मेलन में दूरसंचार, डिजिटल और आईसीटी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 190 से अधिक देशों के तीन हजार से ज्यादा उद्योगपति, नीति निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम से प्रतिभागी देशों को वैश्विक दूरसंचार एजेंडे को आकार देने में मदद मिलेगी। यह सम्मेलन भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए दिशा भी निर्धारित करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत दूरसंचार और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी दुनिया का सबसे अधिक सक्रिय देश है। उन्होंने कहा कि भारत में 120 करोड़ लोगों के पास मोबाइल, 95 करोड़ के पास इंटरनेट हैं और दुनिया के 40 प्रतिशत से अधिक डिजिटल लेन–देन भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि देश का डिजिटल विजन चार स्तंभों – सस्ते उपकरणों, सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, किफायती डाटा और डिजिटल प्राथमिकता पर काम करता है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच है। यह दुनियाभर में प्रौद्योगिकी और दूरसंचार, सेवा तथा उद्योग सहित स्टार्टअप्स हितधारकों के लिए उन्नत मंच बन चुका है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 120 देश भाग ले रहे हैं।

000

चुनाव आयोग आज महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। आयोग नई दिल्ली में दोपहर साढे तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की घोषणा करेगा। इसमें राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों का ऐलान भी संभव है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल अगले महीने की 26 तारीख को समाप्त होने वाला है, जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 5 जनवरी को समाप्त होगा।

000

कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में पिछले दिनों एक महिला डॉक्टर की हत्या के मामले में न्याय और डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर आज देशभर में रेजीडेन्ट डॉक्टरों ने भूख हड़ताल रखी है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर इस हड़ताल में प्रदेश के रेजीडेन्ट डॉक्टरों के साथ अन्य डॉक्टर्स भी शामिल हो रहे हैं। इस सिलसिले में कोटा में डॉक्टरों ने आज दो घंटे कार्य बहिष्कार भी किया।

000

प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों का समय कल से बदल जाएगा। समेकित बाल विकास सेवाओं के निदेशक ओ.पी. बुनकर ने बताया कि राज्य की सभी आंगनबाड़ियों का समय अगले साल 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से दोहपर दो बजे तक रहेगा।

000

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनकी सोच और दूरदर्शिता से विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिसम्बर में होने वाली 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए जर्मनी को 'पार्टनर कंट्री' बनने के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री की अगुवाई में राज्य सरकार का उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल जर्मनी के दौरे पर है। उन्होंने कल बवेरिया राज्य चांसलरी के प्रमुख और संघीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. फ्लोरियन हरमन से म्यूनिख में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र की तर्ज पर राजस्थान में जर्मन निवेशकों के लिए एक

विशेष निवेश क्षेत्र स्थापित करने की भी पेशकश की। इधर, 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों के लिए प्रदेशभर में कल से जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट शुरू हो रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000